# गुमटी में उमड़ा जनसैलाब





लालबंगला में महिला कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़ । अमृत विचार

### 400 महिलाएं मोदी की गाड़ी के आगे दिखीं

- नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिये 400 भाजपा महिला कार्यकर्ता मोदीमय दिखीं। भगवामय साड़ी पहले यह महिला भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मोदी के रथ के आगे-आगे चल रही थीं। जिनके हाथ में कमल निशान की एलईडी लाइट थी। इन सभी महिला कार्यकर्ताओं को महापौर गेस्ट हाउस पर बुलाया गया था। जो बाद में रोड शो का हिस्सा बनीं।

## कनपुरिया बोले नमो नमो, हैश टैग हुआ ट्रेंड

प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान ट्वीटर पर कनपुरिया बोले नमो नमो हैश टैग जमकर ट्रेंड हुआ। भाजपा कानपुर सोशल मीडिया विभाग ने इस हैश टैग का चलाया था। जब पीएम मोदी रोड शो कर रहे थे तो हैशटैग पांचवे नंबर पर आ गया। कई बार यह दूसरे नंबर पर भी गया।

### रेहाना को रोड से निकाला बाहर

- गुजैनी में रहने वाली रेहाना अपने चहेते मोदी और योगी को नहीं देख सकीं। करीब दो बजे रोड शो में शामिल होने पहुंची रेहाना ने बताया कि वह काले रंग का बुरका पहनकर आईं हैं इसलिये सिक्योरिटी ने अंदर नहीं जाने दिया। रेहाना ने बताया कि वह गुजैनी में रहती हैं। उनके पति का नाम सराफत अली है। वह क्षेत्रीय भाजपा नेताओं के साथ रोड शो का हिस्सा बनने आई थीं। उन्होंने बताया कि वह बहुत बड़ी मोदी और योगी की फैन हैं।

# मौन मोदी... जनता मंत्रमुग्ध

दीवानगी हद पार, एक झलक पाने के लिए उमड़ा जन सैलाब, छतों और छज्जों से पुष्प वर्षा, मोदी जी को जय श्री राम कहती जनता और मोदी सरकार बारम्बार का जय घोष, जिसने भी यह भव्य और दिव्य नजारा देखा, सालों भूल नहीं पाएगा। कोई बोला दर्शन पाकर धन्य हो गया, तो कोई मोबाइल में कैद की गई तस्वीर चूमता नजर आया। महिलाओं की खुशी का तो कोई ठिकाना ही नहीं था, इतनी उतावली, इतनी बावली कि सुध-बुध का होश ही नहीं रहा। बच्चे तो बस मोदीमोदीमोदीचीखते ही चले जा रहे थे, तो युवाओं में मोबाइल पर वीडियो बनाने की होड़ थी। कानपुर में अपना पहला रोड शो करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ में माथा टेकने के बाद बाहर आए तो अपने अभिनंदन में बिछे पलक पांवड़े देखकर मुस्कराए बिना नहीं रह पाए। डमरू की नाद पर मंत्रोच्चार और स्वस्तिवाचन के बीच शुरू हुई स्वागत आरती ने तो पूरा माहौल काशी की गंगा आरती जैसा कर दिया।

### मेगा रोड शो में मुस्करा कर खिला गए कमल

### मुझको सुनाई नहीं पड़ रहा



- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बीजेपी कार्यकर्ता के पेच कसे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बुलाकर कहा कि जब मुझे आवाज सुनाई नहीं दे रही है तो पीएम मोदी को क्या सुनाई देगी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाये।

## जन समर्थन की हिलोर, मोदी-मोदी का शोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार**। शंखनाद, मंत्रोच्चारण, राममय धुन और फूलों की बारिश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में चार चांद लगा दिए। विकास और विरासत के संदेश के बीच पीएम मोदी इस दौरान लोकसभा चुनाव में भाजपा जीत की नींव रख गये। मोदी के मेगा रोड शो में कानपुर और आसपास के कई जिलों से लोग पहुंचे। भीड़ से भाजपा की ओर से बनाए गये ब्लॉक की सीमाएं टूट गईं। इसके बाद लोगों ने गलियों और बाजार के गलियारों में अपना ठिकाना तलाशा। दूधिया रोशनी के बीच भगवामय हुई गुमटी नंबर पांच में पहुंचे लोग पीएम मोदी को एक नजर देखने के लिए घंटो खड़े रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो करने शनिवार शाम 6.38 बजे गुमटी गुरुद्वारा से निकले। वह खुले रथ पर सवार थे। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कानपुर से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर सीट से उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले हाथ जोड़कर खड़े हो गए। रेलवे क्रासिंग पार करके रोड शो के लिए मोदी का वाहन जैसे ही गुमटी की सड़क पर पहुंचा।

**गुमटी से उठी भगवा लहर मोदीमय हुआ शहर**



गुमटी में कानपुर से प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर सीट के उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले व सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार

- विकास और विरासत के संदेश के बीच जीत की नींव रख गए मोदी
- रोड शो के दौरान ब्लॉक की सीमा टूटी, गलियों में हुई धक्का-मुक्की

जन समर्थन की हिलोर और मोदीमोदी के शोर से पूरा माहौल भगवामय हो गया। गुमटी नम्बर-5 गुरुद्वारा से शुरू हुए रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री ने कमल के फूल निशान वाली एलईडी टार्च हाथ में ले रखी थी। इसे दोनों तरफ लहराकर और दिखाकर उन्होंने मतदाताओं को वोट की ताकत समझाई। जवाब में जनता ने 'अबकी बार 400 पार' का जोरदार नारा लगाया।

रोड शो में मोदी की झलक पाने के लिए लोग दोपहर दो बजे से ही जमा हो गए थे। कानपुर नगर के साथ ही कानपुर देहात, उन्नाव, फतेहपुर लखनऊ से भी लोग रोड शो में पहुंचे। भाजपा ने रोड शो के रास्ते में 37 ब्लॉक बनाए थे। लेकिन हुजूम ऐसा उमड़ा कि सड़क की दूसरी पट्टी पर भी लोग ठसाठस खड़े दिखाई दिये। रास्ते भर दोनों ही तरफ से पीएम मोदी के रथ पर फूलों की वर्षा होती रही। जनता मोबाइल की लाइट जलाकर मोदी का स्वागत करती रही। नन्हे मुन्ने बच्चे पोस्टर लिए दिखे। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री ने भाजपा के स्थानीय नेताओं से मुलाकात की।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने भाजपा कार्यकर्ता इतने उत्साहित थे कि वे दिल के आकार वाले पोस्टर लेकर आए थे। किसी पर साडा पीएम मोदी लिखा था तो किसी पर अबकी बार चार सौ पार का नारा। हर तरफ मोदी- मोदी का नारा ही गूंज रहा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुमटी गुरुद्वारा जाता देख भाजपा समर्थक हरप्रीत सिंह काके खुशी से झूम उठे। अमृत विचार

### यह ब्लॉक बनाए गए

संत महात्मा ब्लॉक, नव मतदाता, एथलीट खिलाड़ी, पंजाबी मतदाता, सिंधी समाज समेत भाजपा के प्रकोष्ठ और अनुसांगिक संगठनों के ब्लॉक बनाये गये थे।



शंखनाद करते आचार्य। अमृत विचार

## सैलाब से भाजपाई खुशी से सराबोर

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर**। पीएम नरेंद्र मोदी के कानपुर में पहली बार हुए रोडशो को सफल बताकर भाजपाई इतरा रहे हैं। चौतरफा उमड़े सैलाब को देखकर मोदी मुस्कराते और अभिवादन स्वीकारते दिख रहे थे। पार्टी का कानपुर सीट पर विशेष फोकस पार्टी और विपक्षी दलों के लिए चर्चा का विषय है। भाजपा के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का विषय बन चुकी है।

पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो से कुछ दिन पहले गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कानपुर आकर प्रत्याशी रमेश अवस्थी के चुनाव संचालकों की चूड़ी टाइट की थी। बताते हैं कि उन्हें ऐसी सूचनाएं मिली थीं कि कानपुर सीट पर कुछ लापरवाही की जा रही है। शाह की मीटिंग के बाद भाजपा टीम जी-जान से लग गई। पार्टी के कुछ लोग बताते हैं कि रमेश अवस्थी भाजपा के लिए नया चेहरा हैं जबकि उनके समर्थक कहते हैं कि वह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं। वर्षों से भाजपा के लिए कार्य रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का रोड शो कार्यक्रम गृहमंत्री अमित शाह ने फाइनल कराया है। मोदी के रोडशो में इतना सैलाब उमड़ने के पीछे संगठन की कामयाबी को श्रेय दिया जा रहा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, उत्तर और दक्षिण कानपुर अध्यक्ष दीपू पांडेय और शिवराम सिंह के साथ ही मंडल अध्यक्षों ने भी रोडशो की कामयाबी के लिए माहौल बनाया। महिला मोर्चा का एक गुट तो विशेष परिधान में दिखायी पड़ीं। भाजपा शहर उपाध्यक्ष जगदीश तिवारी बताते हैं कि महिला मतदाताओं की भाजपा के प्रति विशेष रुचि का चुनाव में लाभ ठीक उसी तरह मिलेगा जैसे पिछले चुनावों में मिलता रहा है। यह स्वफूर्त था जिसने हौसला बढ़ाया। भाजपा के नेता रोडशो की कामयाबी के लिए इसे घनी आबादी वाले इइलाके में आयोजित करना भी बताते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति भी सफलता का एक कारण थी। दूर-दूर से बसों से आए लोग पार्किंग स्थल पर उतर कर जुलूस की शक्ल में रोडशो में पहुंचे।



रोड शो के दौरान कागज से बने कमल के पुष्प लेकर दिखाया उत्साह । अमृत विचार

## सिखों ने पीएम मोदी से मांगा अति अल्पसंख्यक का दर्जा

**पीएम ने सुनी मन की बात**

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य की मौजूदगी में गुरुद्वारा समिति ने माइक्रो माइनॉरिटी दर्जे की रखी मांग
- पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने साथ लाया रुमाला साहेब चढ़ाया, समिति ने उन्हें सिरोपा और कृपाण भेंट की

**अमृत विचार**। गुमटी गुरुद्वारा में माथा टेकने शनिवार को शहर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सिख समाज ने अपने लिए माइक्रो माइनॉरिटी दर्जा की मांग रखी। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह की मौजूदगी में गुरुद्वारा समिति के प्रधान हरजीत सिंह कालरा ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि सिख समाज को उसके राष्ट्र और समाज के लिए किए गए योगदान को देखते हुए अल्पसंख्यक श्रेणी में अलग से परिभाषित किया जाना समय की जरूरत है। इस कद में सिख समाज का सही मायने में विकास हो सकेगा और आगे बढ़ने के नये रास्ते खुलेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुद्वारा साहिब श्री कीर्तनगढ़ पर रुमाला सहिब चढ़ाया। इसे वह अपने साथ लेकर आये थे। समिति के कमलजीत सिंह बग्गा ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने सबसे पहले गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। इसके बाद परिसर में ही बैठ गये।



गुमटी गुरुद्वारा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मत्था टेका। अमृत विचार

इस दौरान पीएम के साथ गुरुद्वारा समिति के कुल 19 लोग परिसर में मौजूद थे। गुरुद्वारा के प्रधान हरजीत सिंह कालरा और गुरुद्वारा समिति ने पीएम मोदी को करतारपुर कॉरिडोर निर्माण, 1984 के सिख दंगे को लेकर एसआईटी गठित करने, लाल किला और मुख्यमंत्री आवास में कीर्तन शुरू करने और वीर बाल दिवस घोषित करने के लिए आभार और धन्यवाद दिया। समिति ने इसके बाद पीएम मोदी और सीएम योगी को सिरोपा पहनाकर कृपाण भेंट की। पीएम मोदी इसी दौरान सबसे मिलते हुये बाबा मोहन जी के कमरे में गये जहां उन्हें गुरुद्वारा की तरफ से मिश्री का प्रसाद दिया गया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद वह रोड शो करने के लिये बाहर निकल गये।

### सुरक्षा का फूल प्रूफ बंदोबस्त

जिला प्रशासन ने रोड शो की बेहद पुख्ता तैयारी की थी। गुमटी गुरुद्वारे से गुमटी नंबर 5 बाजार होते हुए संत नगर चौराहे और कालपी रोड तिराहे तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। रोड को तीन हिस्सों में विभाजित किया गया था। मुख्य रोड पर पीएम मोदी और सीएम योगी की जीप और उनका काफिला चल रहा था, जिसके आगे महिला कार्यकर्ताओं की भीड़ थी और पीचे पीएम और सीएम के काफिले से जुड़ी गाड़ियां और उनकी सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड्स चल रहे थे। शहर के व्यस्ततम इलाके की बिल्डिंगों पर भी सिक्योरिटी मुस्तैद थी। पूरे इलाके की स्कैनिंग की गई थी और अत्यधिक भीड़ को मैनेज करने का प्लान भी तैयार किया गया था।

# महिला की चेन खींचकर गिराया, किया फायर

## अहिरवां के पास दोपहर में चेन लुटेरों ने की दुस्साहसिक वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी से प्रधानमंत्री के आने पर भारी फोर्स था तैनात

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बेखौफ लुटेरों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आगमन से पहले पुलिस को खुली चुनौती दी। बच्चों को स्कूल से लेकर घर लौट रही महिला से सरेराह लुटेरों ने झपट्टा मारकर चेन लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर लुटेरों ने फायरिंग की और फरार हो गए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के बाद पीड़ित और बच्चे दहशत में हैं।

प्रधानमंत्री को चकेरी एयरपोर्ट से वाया सड़क रोड शो स्थल पहुंचना था, जिस कारण एयरपोर्ट समेत आसपास के इलाकों को छावनी में तब्दील कर दिया गया। मूलरूप से जिला फतेहपुर निवासी रीता ने बताया कि उनके पति राजकुमार सेना में हवलदार हैं और श्रीनगर में तैनात हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर वह अहिरवां सजीव नगर सेकेंड निवासी जीजा मनोज के यहां रहती हैं।


घटना की जानकारी देतीं पीड़िता रीता।

शनिवार को बेटी वैष्णवी और अपनी भतीजी वंशिका को रामादेवी स्थित स्कूल से लेकर दोपहर करीब बारह बजे ई रिक्शे से लौट रही थीं। संजीव नगर पुलिया पर उतरने के बाद बच्चों के साथ ही पैदल घर की ओर आ रही थीं। घर से पहले रास्ते में हेलमेट पहने हुए एक युवक ने उन्हें रोका और गले से चेन तोड़ने का प्रयास किया।

पीड़िता लुटेरे से भिड़ गई और शोर मचाया। इस पर वहां काम कर रहे श्रमिक दौड़े तो लुटेरे ने अपने को घिरता देख महिला को धक्का देकर गिरा दिया और तमंचा निकालकर एक फायर करते हुए कुछ दूरी पर बाइक लेकर खड़े साथी के साथ बैठकर हाईवे की ओर भाग निकला। घर पहुंची पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को पति व चकेरी पुलिस को दी। अहिरवां चौकी इंचार्ज अरूण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इस संबंध में चकेरी इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सात घरों में चोरी करने वाले दो शातिर दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बीते मंगलवार की रात वारदात को दिया था अंजाम
- आरोपियों के खिलाफ दर्ज हैं कई मुकदमे

**अमृत विचार।** दबौली वेस्ट में सात घरों से चोरी करने वाले दो शातिरों को गोविंद नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात समेत मोबाइल व नकदी बरामद की। आरोपियों के खिलाफ गोविंद नगर व गुजैनी थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं।

बीते मंगलवार रात दबौली वेस्ट में रामप्रकाश यादव, कमलेश, शीलू शर्मा, जितेंद्र पांडेय, सुनील शर्मा, खेतु पांडेय, सूरज सिंह के घरों से चोरी हुई थी। क्षेत्रीय लोगों ने एक चोर राहुल गौतम उर्फ सन्नाटा को पकड़ लिया था।

शनिवार को गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा ने बताया कि राहुल गौतम व उसके साथी दबौली निवासी छोटू सोनी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से जेवरात समेत 19 हजार नकद व मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपियों के दो अन्य साथी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।


पकड़े गए चोर। अमृत विचार

### महंगी शराब के शौकीन

चौकी प्रभारी अंकुर मलिक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी महंगी शराब के शौकीन हैं। साथ ही कई युवतियां भी उनके संपर्क में हैं। आरोपी आसपड़ोस के घरों को ही अपना निशाना बनाते हैं। इसके बाद दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा समेत अन्य जनपदों में फरार हो जाते हैं।

# कारोबारी से की 41 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद थानाक्षेत्र का मामला, पीड़ित ने कोर्ट की ली मदद

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के कौशलपुरी के रहने वाले रियल स्टेट कारोबारी संदीप कुमार कटियार से ठगी हो गई। जालसाजों ने आर्थिक तंगी का का झांसा देकर उनके 41 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित कारोबारी ने घटना के बाद पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट की मदद ली। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर दंपति समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कौशलपुरी गुमटी नबंर पांच के रहने वाले संदीप कुमार कटियार के अनुसार मेसर्स रियल ग्राडग्रिन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से उनकी फर्म है। उनकी फर्म रियल स्टेट का व्यवसाय करती है। संदीप ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात मेसर्स बाबा बर्फानी कोल्ड स्टोरेज के पार्टनर रावतपुर के लखनपुर हाउसिंग सोसाइटी निवासी प्रवीन कुमार, उनकी पत्नी साधना कटियार, शारदानगर निवासी राहुल कटियान व उनकी पत्नी अर्चना कटियार से हुई थी। वर्ष 2014 में उन लोगों ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए उनसे रुपये की मांग की। झांसे में आने पर उन्होंने वर्ष 2014 से वर्ष 2017 के बीच 41 लाख रुपये दे दिए। उस दौरान उन लोगों ने चार साल में रुपये लौटाने का वादा किया था। आरोप है, कि तय समय बीत जाने के बाद भी जब उन्होंने रुपये की मांग की तो उन्होंने पहले टालमटोल शुरू किया। इसके बाद रुपये देने से इन्कार कर दिया। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। थाने में सुनवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे एक लाख

**कानपुर।** अनवरगंज थानाक्षेत्र में एक ड्राइवर से उसके परिचित ने विदेश में ड्राइवर की नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिए। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जूही मिलिटी कैंप निवासी ड्राइवर फुरकान ने बताया कि उनकी मुलाकात जावेद से हुई थी। उसने विदेश में जान पहचान की बात कहते हुए वहां पर ड्राइवर की नौकरी लगवाने की बात कहीं। उसको कई बार में एक लाख रुपये दे दिए। इसके बाद वह मार्च 2023 में दुबई गए, जहां एजेंट ने उसको भेड़, बकरी चराने में लगा दिया। मना करने पर आरोपियों ने यातनायें दीं। किसी तरह वह दुबई से लौटकर वापस कानपुर आया और रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रकम दोगुनी करने का लालच देकर 1.32 लाख हड़पे

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने एक युवक से रकम दोगुनी करने का झांसा देकर खाते की जानकारी और ओटीपी पूछी इसके बाद खाते से 1.32 लाख रुपये ठग लिए। कल्याणपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कल्याणपुर पुराना शिवली रोड निवासी रोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि आठ अप्रैल को उनके पास एक नंबर से कॉल आया और उनको किस्तों पर रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। आरोपी ने उनसे खाते की जानकारी व ओटीपी पूछकर छह बार में करीब एक लाख बत्तीस हजार रुपये निकाल लिए। शिकायत कल्याणपुर पुलिस से की मगर सुनवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से मिलकर अपनी बात बताई।

# पुलिस से मारपीट में नहीं दर्ज हुई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र के लालबंगला में हुई थी घटना
- दरोगा से अभद्रता और सिपाही से की थी मारपीट

**अमृत विचार।** शुक्रवार देर शाम चकेरी थानाक्षेत्र के लालबंगला में दो पक्षों के बीच हुए विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस को आरोपी के साथियों ने पुलिस से मारपीट कर अभद्रता करते हुए धक्का देकर युवक को छुड़ाया लिया। लेकिन घटना के दूसरे दिन भी पुलिस ने सिपाही से हुई घटना पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस मामले में एक युवक की तहरीर पर आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

लालबंगला में शुक्रवार देर शाम को विधानसभा अध्यक्ष के घर के पास स्थित काली मंदिर में मेला था। जिसमें दो पक्षों में विवाद हो गया था। जिसकी सूचना पर चकेरी चौकी इंचार्ज आदेश कुमार और सिपाही आर्यन यादव समेत एक अन्य सिपाही पहुंचे थे। वह लोग एक आरोपी युवक को पकड़कर ले जाने लगे। तभी आरोपियों के साथियों ने पुलिस को घेर लिया था और सिपाही से धक्कामुक्की व मारपीट कर साथी को छुड़ा लिया था। इस दौरान आरोपियों ने चौकी इंचार्ज से भी अभद्रता की। इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष के शिवकटरा निवासी युवक प्रिंस की तहरीर पर अश्रू गुप्ता समेत उसके एक दर्जन साथियों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं पुलिस से हुई मारपीट व अभद्रता में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि छेड़खानी व मारपीट की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस से मारपीट के मामले में भी कार्रवाई की जा जाएगी।

# बच्चेदानी से फुटबॉल के आकार का 8 किलो का ट्यूमर निकाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट के स्त्री एवं प्रसूति विभाग में डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर युवती की बच्चेदानी से आठ किलो का ट्यूमर (फुटबॉल के आकार का) निकाल उसे नई जिंदगी दी।

शहर की रहने वाली 28 वर्षीय युवती करीब एक साल से पेट दर्द की समस्या से परेशान थी, पहले तो नजरअंदाज करती रही।

- पांच माह से युवती ट्यूमर के कारण थी परेशान, था असहनीय दर्द

दर्द तेज होने पर निजी अस्पताल से इलाज कराया, लेकिन पूर्ण रूप से आराम नहीं मिला। अप्रैल में वह जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में पहुंची। विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता ने जांचें कराईं तो पता चला कि युवती के गर्भाशय में गांठ है। डॉ.नीना गुप्ता ने डॉ.रश्मि यादव व टीम के साथ मिलकर 24 अप्रैल को युवती का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। डॉ.नीना गुप्ता ने बताया कि फुटबॉल के आकार की बड़ी गांठ ट्यूमर बन चुकी थी। आठ किलो का ट्यूमर निकला।


ऑपरेशन करतीं विभागाध्यक्ष डॉ .नीना गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

### मां बनने में नहीं आएगी दिक्कत

- डॉ .नीना गुप्ता ने बताया कि यह ऑपरेशन जटिल इसलिए था क्योंकि ट्यूमर निकालने में मरीज की अंडेदानी और बच्चेदानी की नसें क्षतिग्रस्त हो सकती थीं। चूक होने पर ट्यूमर के साथ बच्चेदानी को भी निकालना पड़ सकता था, लेकिन डॉक्टरों ने इसका पूरा ध्यान रखा। उसे भविष्य में मां बनने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

# मौसम में परिवर्तन गिरा तापमान

**कानपुर।** मौसम में शनिवार को अचानक बदलाव आ गया। तापमान गिरने से शहरवासियों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम में बदलाव की वजह पश्चिमी विक्षोभ को माना है। फिलहाल बारिश व आंधी से मौसम विशेषज्ञों ने इनकार किया है। शहर में सुबह से ही कुछ दिनों से पड़ रही तपती गर्मी से राहत मिली। बादलों और हवाओं के बीच पूरे दिन मौसम सुहाना रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शनिवार को तापमान में गरावट भी दर्ज की गई। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि शहर का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । इसे सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम आंका गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बताया कि यह सामान्य से 1.8 फीसदी कम रहा। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मौसम का मिजाज बदलने में पश्चिमी विक्षोभ का असर भूमिका निभा रहा है।

# हुड़दंग कर रहे नशेबाजों ने युवती को किया निर्वस्त्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद थाना में 12 नामजद और सात अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में घर के सामने बैठकर नशे में हुड़दंग कर रहे लोगों के सामने से गुजरना एक युवती को भारी पड़ गया। आरोप है, कि आरोपियों ने उसे दबोच लिया और कपड़े फाड़कर निर्वस्त्र कर दिया। किसी तरह घर पहुंचकर अपनी जान बचाई। आरोप है, कि वहां भी आरोपियों ने पहुंचकर मारपीट की और गालीगलौज की। पीड़ित की तहरीर पर 12 नामजद और सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सरोजनी नगर की रहने वाली युवती की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार 27 अप्रैल को मोहल्ले की रहने वाली मालती गुप्ता जिसके घर में क्षेत्र के तमाम अराजकतत्व व अपराधी वीरेन्द्र गुप्ता, मोहन गुप्ता, सोहन गुप्ता, शोभित गुप्ता, अंकित शर्मा, रितिक, रिशू, अंशू, अदितेश 8.30 बजे रात में अपने घर के सामने बैठकर शराब पीकर हुड़दंग काट रहे थे।

इस दौरान वह इनके घर के सामने से निकलकर जाने लगी तो उन लोगों ने हाथ पकड़कर दबोच लिया तथा पहने कपड़े फाड़कर निर्वस्त्र कर दिया। दर्ज एफआईआर के अनुसार बमुश्किल वह अपनी इज्जत बचाकर घर में घुस गई तो उन लोगों के साथ मालती गुप्ता, निशा गुप्ता व लक्ष्मी शर्मा 6-7 अज्ञात लोगों को लेकर जबरदस्ती घर में घुस आए तथा लात घूंसो से मारपीट कर गालीगलौज देने लगे। जिससे उसके सिर पर गम्भीर चोटें आ गई और वह जमीन पर गिर पड़ी। आरोप लगाया कि उसे बचाने से नाराज होकर आरोपियों ने मानू सिंह चौहान की नाक पर हमला कर जान से मारने की कोशिश की। जिससे वह लहूलुहान हो गए।

इस संबंध में नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित युवती की तहरीर पर वीरेंद्र गुप्ता, मोहन गुप्ता, सोहन गुप्ता, शोभित गुप्ता, अंकित शर्मा, रितिक, रिशू, अंशू, आदितेश, मालती गुप्ता, निशा गुप्ता, लक्ष्मी शर्मा व छह से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गालीगलौज, छेड़खानी, हमला करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# छत पर मिला युवक का शव

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बारासिरोही इलाके में आईआईटी कर्मी के भाई 46 वर्षीय ज्ञान प्रकाश वर्मा का शव छत पर पड़ा मिला। आईआईटी कर्मी अंकुर वर्मा ने बताया कि वह शराब पीने के आदी थे। आए दिन विवाद के कारण उनकी पत्नी सुनैना उनसे अलग रहने लगी थी। पिता ओमप्रकाश ने बताया कि वह भी आईआईटी से सेवानिवृत्त हैं। बड़े बेटे ज्ञान प्रकाश की आदतों से वह परेशान थे और अलग किराए पर रहते हैं। किराएदारों ने शनिवार सुबह सूचना दी कि ज्ञान प्रकाश रोज की तरह छत पर सोने गए थे, जहां वह मृत मिले। पुलिस और फोरेंसिक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है।

# चमड़ा फैक्ट्री में आग, जेसीबी से तोड़ी गई दीवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फजलगंज थानाक्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम स्थल से महज आधा किमी दूर चमड़े की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग बुझाना शुरू किया। जेसीबी बुलाकर दीवार तोड़ी गई। इसके बाद फायर फाइटर्स ने ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की घटना से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। अग्निशमन अधिकारी को आग बुझाने के यंत्र जंग खाते मिले। फैक्ट्री मालिक को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि फजलगंज लोहा मंडी एरिया में खलासी लाइन निवासी संजीव गुप्ता की दिव्या इंटरनेशनल नाम से चमड़े की फैक्ट्री है। जिसमें बेल्ट और बैग बनाने का काम किया जाता है। शनिवार सुबह करीब 11.30 के आसपास मिनी कंट्रोल रूम में फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की चार गाड़ियां भेजी गईं। फैक्ट्री के अंदर संकरे मार्ग में कमरे में आग लगने के कारण आग बुझाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। 12.15 बजे जेसीबी से फैक्ट्री के पीछे से दीवार तुड़वाई गई। जिसके बाद फैक्ट्री के अंदर भरा धुआं तेजी से निकलने लगा। करीब डेढ़ बजे के आसपास आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया। आग बुझाने में दमकल की गाड़ियों का कई बार पानी खत्म हुआ। आसपास की फैक्ट्री के मालिकों ने अपनी फैक्ट्री से पानी उपलब्ध कराया।

**रेल पटरी किनारे झाड़ियों में लगी आग:** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में बगिया क्रासिंग के पास झाड़ियों किनारे भीषण आग लग गई। हवा के कारण कुछ ही देर में आग काफी दूर तक फैल गई। आसपास के लोगों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। लोगों ने डंडे से पीटकर और पानी डालकर आग पर काबू पाया।


दीवार तोड़कर आग बुझाई। अमृत विचार

- ढाई घंटे बाद बुझाई जा सकी आग, जंग खा रहे थे आग बुझाने के यंत्र

### आग बुझाते टूटी सीढ़ी, प्लास्टर गिरा

- आग बुझाने में दस कर्मचारी लगे थे। सीढ़ी पर चढ़कर फैक्ट्री के अंदर लगी आग को बुझाने के दौरान सीढ़ी टूट गई। जिससे दमकल कर्मी केशव सिंह नीचे गिरने लगे। जिन्हें वहां मौजूद अन्य कर्मियों ने पकड़ लिया। वहीं फैक्ट्री के अंदर कमरे की छत का प्लास्टर गिरा। जिससे दमकल कर्मी प्रशांत बाल-बाल बच गए। सीएफओ ने बताया कि आग कंट्रोल होने के बाद एसपीजी के अधिकारियों ने उनसे घटना की जानकारी ली। फैक्ट्री में लगे कई फायर एक्सटिंग्विशर और कंट्रोल पैनल जंग और धूल खा रहे थे। सीएफओ ने बताया कि फैक्ट्री मालिक को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

### चार थानाक्षेत्रों में लगी आग

- चकेरी के होटल मनोज इंटरनेशनल के सामने कूड़े में आग लगी। छावनी से आई दमकल ने आग बुझाई। महाराजपुर थानाक्षेत्र में ग्राम माहोली में एक घर में आग लग गई। जाजमऊ से पहुंची दमकल ने आग बुझा दी। नरवल थानाक्षेत्र में ग्राम बेहटा चौकी पाली में लगने से अफरातफरी मच गई। वहीं खड़ी गेहूं की फसल को सुरक्षित बचा लिया गया। कोहना थानाक्षेत्र में विष्णुपुरी सोसाइटी में खड़े जनरेटर में आग लगने से हड़कंप मच गया। तिलक नगर कोठारी बंगला के सामने ट्रांसफार्मर के पास खड़ी बाइक में आग लग गई। दमकलों ने आग बुझाई।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नजीराबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के फरार आरोपी प्रतीक तिवारी निवासी नारायणपुरवा को गिरफ्तार किया है।

नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध हत्या के प्रयास मामले में मुकदमा पंजीकृत था। घटना के बाद वह फरार चल रहा था। शनिवार को उसे उपनि देवेश मोहन व कां दिनेश कुमार ने चाकू के साथ पकड़ लिया। आरोपी पर फजलगंजऔर नजीराबाद में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं चमनगंज पुलिस ने शांतिभंग के आरोपी मोहम्मद फैज निवासी गांधी पार्क को गिरफ्तार किया है।

शिक्षक भर्ती घोटाला | फर्जी पैनल में आए शिक्षकों में से केवल दो की ही पहचान हो सकी

# सात दिन में आरोपियों तक नहीं पहुंच सका शिक्षा विभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षकों के नाम तक ही घूम रही है जांच, पुलिस पर निर्भर शिक्षा विभाग

**7** दिन पहले हुआ था मामले का खुलासा

**9** आरोपियों के खिलाफ दर्ज है एफआईआर

**2** कर्मचारियों के पुलिस ने लिए हैं बयान

**अमृत विचार।** फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में शिक्षा विभाग सात दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों तक नहीं कर पाया है। विभाग ने एफआईआर में जिन नौ आरोपियों के नाम दिए हैं उनमें सिर्फ दो ही विभाग की जद में हैं। अन्य सात आरोपियों के नाम के अलावा विभाग के पास कोई जानकारी नहीं है। विभाग अब पुलिस की जांच पर निर्भर है।

फर्जी ई-मेल के जरिए हुई शिक्षकों की भर्ती मामले में शिक्षा विभाग का लक्ष्य ई-मेल में आए सभी आरोपियों के बारे में जानना है। हालात यह हैं कि शिक्षा विभाग की ओर से भेजे गए पत्रों में अभी तक किसी का जवाब नहीं आया है। शिक्षा विभाग की जांच टीम की ओर से फिलहाल सात ऐसे आरोपियों की पहचान करनी है जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। इन सातों ही आरोपियों के नाम फर्जी ई-मेल में 9 शिक्षकों के पैनल के रूप में सामने आए थे। इनमें दो शिक्षिकाओं ने मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज में नियुक्ति हासिल कर ली थी। मदन मोहन अ्रग्रवाल इंटर कॉलेज में नियुक्ति हासिल करने वाली शिक्षिका का वेतन तक का भुगतान हो गया था। इन दोनों शिक्षिकाओं के अलावा विभाग के हाथ पहचान करने में अभी तक खाली हैं। दो आरोपियों के नौकरी हासिल करने के बाद दोनों ही के दस्तावेज के अलावा शिक्षा विभाग के पास कुछ नहीं है। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों की पहचान करने के लिए विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहा है।

### आरोपियों के दर्ज होने हैं बयान

- फर्जी नियुक्ति मामले में विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच पुलिस प्रशासन भी कर रहा है। शिक्षा विभाग की विभागीय जांच टीम के सामने भी सभी नौ आरोपियों के बयान दर्ज होने हैं। इसके लिए भी विभाग की ओर से आरोपियों को पहचान किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। 9 आरोपियों में सिर्फ एक आरोपी शिक्षिका ने अपनी बात रखने की जानकारी स्कूल के प्रबंधक को दी है।

### अब तक यह हुई कार्रवाई

- मामले में अब तक सात दिन बीत चुके हैं। शिक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक जांच के बाद दो विभागीय कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। मामले से जुड़े सभी दस्तावेज को एकत्रित कर उसकी पड़ताल की जा रही है। 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस ने दो विभागीय कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं।

# खड्ड में गिरे बाइक सवार युवक की मौत

**मंगलपुर।** मलगांव के पास कपड़े खरीद कर घर जा रहे दो बाइक सवार खड्ड में जा गिरे और घायल हो गए। झींझक सीएचसी में एक युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गाऊपुर गांव निवासी जयवीर (23) व दीपक उर्फ दीपू (28) निवासी गाऊपुर रसूलाबाद से कपड़ा खरीद कर बाइक से गांव जा रहे थे। तभी मलगाव गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक खड्ड में जाकर गिर गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने जयवीर को मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम **उदय भान भारती उर्फ उदय भान पुत्र लक्ष्मन प्रसाद निवासी केशव नगर ग्रांट पश्चिमी तहसील मनकापुर** का हूं। मेरे उपरोक्त दोनों नाम है। अतः मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी- ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आलम पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आलम हकदार रहेगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **मौसिम खान पुत्र मुस्तकीम खान, निवासी- 271 फिरोज गाँधी नगर, जिला रायबरेली** ,मेरे सभी सरकारी अभिलेखों (आधार कार्ड आदि) में मेरा नाम मौसिम खान (MOUSIM KHAN) दर्ज है जबकि मेरे अंकपत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश मोसिम खान (MOSIM KHAN) अंकित हो गया है। अतः मैने अपना नाम समस्त प्रपत्र में मौसिम खान (MOUSIM KHAN) ही रखना चाहता है। अतः मुझे आज की तारीख से (MOUSIM KHAN) मौसिम खान के ही नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जायें।

**सूचना**
सूच्य हो कि एलआईसी की पालिसी संख्या 213420263 भूपेंद्र कुमार मिश्रा के नाम है अन्य अभिलेखों में बीमाधारक का नाम अरविंद कुमार मिश्रा है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।- **अरविंद कुमार मिश्रा पुत्र रामचंदर मिश्रा, निवासी बाल्हाराई पोस्ट-नगवा जिला गोंडा**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी- ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान हकदार रहेगा।

**आज का मौसम**
धूप के साथ बदली भी रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 38.8° | 22.0 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 28 | सूर्यास्त 06 : 43 |

# देश मजबूत हुआ होता तो चीन कब्जा नहीं करता: सलमान

## गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में शहर आए कांग्रेस स्टार प्रचारक ○ सलमान खुर्शीद और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने साधा निशाना

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व विदेश मंत्री कांग्रेसी नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल आए। प्रेस कांफ्रेस के दौरान कांग्रेस के दोनों स्टार प्रचारकों ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व विदेश मंत्री ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बहुत कहानियां और भाषण सुने हैं, लेकिन यह नहीं देखा कि एक इंच भी देश मजबूत होकर आगे बढ़ सके और अगर यह देश मजबूत हुआ होता तो अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया हम पर उंगली न उठा रहे होते। हमारी कार्यशैली ऐसी रही है जिससे दूसरे देशों को आपत्तियां हैं, जो आज हमें विश्व में यह सुनना पड़ रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि चीन ने हमारी कितनी धरती पर कब्जा किया है और प्रधानमंत्री कहते हैं कि न कोई आया है और न कोई आएगा।

उन्होंने कहा कि कोई नहीं आया तो हम वहां कैसे जाएंगे, जहां जाकर हम भ्रमण किया करते थे। जहां हमारी फौज जाकर अपनी झंडे गाड़ कर आया करती थी। सवाल किया कि इतने हमारे फौजी शहीद हुए क्या वो हमारी धरती पर शहीद हुए या वो चीन में हुए। पूछा कि चीन ने हमारी धरती पर घुस कर आक्रमण किया या हम उनकी धरती पर गए थे। इस बात को प्रधानमंत्री ने कभी स्पष्ट नहीं किया।

उन्होंने कहा कि कहा कि देश की सभ्यता और संविधान को लेकर एक विशेष संघर्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छेड़ा हुआ है, जिसको सभी एलायंस के दलों से समर्थन मिला है। जब तक महिलाएं, दलित, अल्पसंख्यक आगे नहीं बढ़ेंगे और एक साथ मिलकर देश को बढ़ाने का संकल्प नहीं लेंगे, तब तक हम देश को आगे बढ़ाने में कभी कामयाब नहीं होंगे।



प्रेसवार्ता में सलमान खुर्शीद, प्रमोद तिवारी, फजल महमूद, नौशाद आलम आदि। अमृत विचार

### अच्छे दिन के सपने दिखा जनता को बुरे दिन में पहुंचाया

प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह असफल साबित हुई है। चाहे वह देश की सुरक्षा हो, बढ़ती बेरोजगारी हो, किसानों की एमएसपी समस्याएं हो, महंगाई या भ्रष्टाचार हो। देश की जनता के साथ धोखा हुआ है। अच्छे दिन आने के सपने दिखा कर सत्ता में आई मोदी सरकार ने देश की जनता को बुरे दिन में पहुंचाया है। कहा कि मोदी सरकार में जनता महंगाई की मार झेल रही है, पेट्रोलियम, खाद्यान्न, तेल व रसोई गैस की कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं, लेकिन सरकार सोई है।

### इलेक्टोरल बांड में रंगे हाथ पकड़ी गई भाजपा

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि इलेक्ट्रॉल बांड का जो खुलासा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हुआ है, उसमें भाजपा रंगे हाथों पकड़ी गई है। भाजपा को 13 हजार करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बांड मिले है। कहा कि भाजपा सरकारी संस्थाओं का भय दिखा कर चंदा वसूलती है, जिसका खुलासा इलेक्टोरल बांड घोटाले के रुप में हुआ है। जिन कंपनियों ने भाजपा को बांड दिए उन्हें पुरस्कार के रूप में ठेके दिए गए। कहा कि भाजपा प्रेस कांफ्रेस कर किससे कितना चंदा लिया उस पर एक श्वेत पत्र जारी करे।

### बसपा मात्र वोट कटवा पार्टी

प्रमोद तिवारी ने कहा कि बसपा अपना राजनीतिक आधार पूरी तरह से खो चुकी है। अब वो मात्र वोट कटवा पार्टी के रुप में काम कर रही है। अगर बसपा के प्रत्याशियों की लिस्ट देखी जाए तो यह साफ हो जाता है कि भाजपा प्रत्याशियों को मदद पहुंचाने के लिए है।

**एक नजर**

### घड़ियां और इलेक्ट्रानिक सामान बरामद

**कानपुर।** फीलखाना पुलिस ने क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम की मदद से कलाई घड़ी, दीवार घड़ी और इलेक्ट्रानिक सामान के साथ एक आरोपी राकेश कुमार निवासी नानकारी कल्याणपुर को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी जिस फैक्ट्री में काम करता है, वहीं से माल पार किया था। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस पर क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी को 4.5 लाख रुपये कीमत के सामान के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।






# 2690 कार्मिकों को मिला प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राजकीय पॉलीटेक्निक में शनिवार को द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे 2690 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। कुल 3000 कार्मियों में 310 कार्मिक गैरहाजिर रहे। गैरहाजिर कार्मिकों से स्पष्टीकरण लेने के बाद नौ मई को रिजर्व दिवस पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

द्वितीय प्रशिक्षण तीन पाली में दिया जा रहा है। शनिवार को पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय को द्वितीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों ने दिया।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण सुधीर कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान और मतगणना संबंधी द्वितीय प्रशिक्षण आठ मई तक होगा।

हर पाली में 1000 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक, दूसरी पाली 12 से दो बजे तक, तीसरी पाली तीन से पांच बजे तक है। कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था 25 कमरों में कराई गई है।

शनिवार को 750 पीठासीन अधिकारियों में 98 गैरहाजिर रहे। इसी तरह 750 मतदान अधिकारी प्रथम में 51, 750 मतदान अधिकारी द्वितीय में 66, 750 मतदान अधिकारी तृतीय में 95 गैरहाजिर रहे।

## लिखित बहस नहीं हुई दाखिल, छह मई को सुनवाई

**कानपुर।** इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में शनिवार को भी अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से लिखित बहस दाखिल नहीं हो सकी। दोनो पक्षों ने बहस दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिस पर कोर्ट ने छह मई की तिथि निर्धारित की।

सात नंवबर को डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत पहलवान का ट्रायल पूरा हो चुका है। मामले में फैसला आने से पूर्व एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष को लिखित बहस दाखिल करने के निर्देश दिए थे। अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से लिखित बहस पूर्ण न होने की बात कह कर पिछली दो तिथियों से समय मांगा गया था। शनिवार को भी सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष लिखित बहस कोर्ट में दाखिल नहीं कर पाए, जिस पर कोर्ट ने छह मई की तिथि निर्धारित की।

# युवाओं को पक्की नौकरी किसानों का कर्ज माफ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने शनिवार सुबह सबसे पहले मंदिर में दर्शन किया। संगीत टॉकीज मस्जिद के पास, परमट मंदिर से लेकर ग्वालटोली तक, रोशन नगर कैम्ब्रिज स्कूल, श्रीनाथ मंदिर खास बाजार शिवाला, यशोदा नगर बाईपास के पास बांके बिहारी जी कीर्तन, प्रेमनगर गुरूद्धारा चौराहा, रोशन नगर, काकादेव, दलेलपुरवा समेत आदि क्षेत्रों में जनंसपर्क व बैठक की। कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसान न्याय के तहत कर्ज माफी, एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन फॉमूले वाली कर्ज माफी, हर शिक्षित युवा को पक्की नौकरी, नारी न्याय के तहत हर गरीब परिवार की महिला को एक लाख प्रतिवर्ष, श्रमिक न्याय के तहत मनरेगा में चार सौ रुपये प्रतिदिन मजदूरी और सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति व हर वर्ग के गिनती होगी। कहा कि भाजपा सरकार ने कन्नौज का विकास नहीं किया है। किसानों के साथ धोखा कर काले कानून लाने का काम किया था। किसान आंदोलन में एक हजार किसान शहीद हुए थे। थार गाड़ी से किसानों की हत्या हुई है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी कानूनी अधिकार मिलेगा और किसानों का कर्ज भी माफ होगा। इस दौरान सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी, वंदना बाजेपई, कांग्रेस शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, संतु मिश्रा, संजीव मिश्रा, मोनू तिवारी, अभिषेक तिवारी रहे।

## पीएचडी छात्रा से धोखाधड़ी, रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के पनकी रोड शिव विहार निवासी दिव्या कौशिक ने पुलिस को बताया कि वह पीएचडी छात्रा हैं। 28 फरवरी को लगभग दोपहर दो बजे उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अन्जान नंबर से मैसेज प्राप्त हुए जो किसी व्यवसाय को बढ़ावा देने संबंधित थे। कुछ समय बाद व्हाट्सएप के माध्यम से खाते की जानकारी मांगी गई तथा खाता चेक करने के लिए बोला और बताया कि इस रेटिंग के लिए उनको 150 रुपये भेजे गए हैं जो उन्हें प्राप्त हुए। जिसके बाद अलग-अलग खातों में पैसे जमा किए लेकिन उन्हें कोई भी धनराशि प्राप्त नहीं हुई और ठगी का शिकार हो गई। कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।


2014 से लगातार कानपुर शहर को 43 टॉपर देने वाली संस्था

शिवाजी इण्टर कॉलेज अर्रा

782 अर्रा, (निकट खाड़ेपुर पानी की टंकी) कानपुर

अपनी सरकार स्वयं चुनूंगा मैं मतदान अवश्य करूंगा
13 मई को वोट अवश्य करें

हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 प्रदेश व जिले स्तर पर 12 टॉपर्स

इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम 2024

प्रदेश में तीसरा स्थान व जिले में प्रथम स्थान — आदित्य कुमार यादव 487/500 97.4% अनुक्रमांक : 2246009963
जिले में द्वितीय स्थान एवं प्रदेश में पांचवाँ स्थान — अनिकेत साहू 485/500 97% अनुक्रमांक : 2246009978
जिले में तीसरा स्थान एवं प्रदेश में छठवाँ स्थान — प्रांशी द्विवेदी 484/500 96.8% अनुक्रमांक : 2246010116
जिले में पांचवाँ स्थान एवं प्रदेश में आठवाँ स्थान — नैन्सी वर्मा 482/500 96.4% अनुक्रमांक : 2246010109
जिले में आठवाँ स्थान एवं प्रदेश में 11वाँ स्थान — प्रखर शुक्ला 479/500 95.8% अनुक्रमांक : 2246010026
जिले में नवाँ स्थान एवं प्रदेश में 12वाँ स्थान — पलक अवस्थी 478/500 95.6% अनुक्रमांक : 2246010113
जिले में 10वाँ स्थान एवं प्रदेश में 13वाँ स्थान — किरन कुशवाहा 477/500 95.4% अनुक्रमांक : 2246010099

हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 2024

जिले में प्रथम स्थान व प्रदेश में सातवाँ स्थान — अभिषेक साहू 584/600 97.33% अनुक्रमांक : 1241230639
जिले में पहला स्थान एवं प्रदेश में सातवाँ स्थान — खुशी द्विवेदी 584/600 97.33% अनुक्रमांक : 1241230730
जिले में दूसरा स्थान व प्रदेश में नवाँ स्थान — वैष्णवी मिश्रा 582/600 97% अनुक्रमांक : 1241230754
जिले में तीसरा स्थान एवं प्रदेश में दसवाँ स्थान — अनन्या साहू 581/600 96.83% अनुक्रमांक : 1241230710
जिले में दसवाँ स्थान — दृष्टि यादव 574/600 95.67% अनुक्रमांक : 1241230723

2014 से 2023 तक के टॉपर्स

- हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 में प्रदेश व जिले स्तर पर 12 टॉपर्स।
- वर्ष २०२३ इण्टरमीडिएट में अर्चिता वर्मा 96.2% उत्तर प्रदेश में सातवां स्थान, कानपुर नगर में प्रथम स्थान।
- वर्ष २०२३ इण्टरमीडिएट में प्रगति पाल 95.6% उत्तर प्रदेश में दसवां स्थान, कानपुर नगर में चौथा स्थान।
- वर्ष २०२३ इण्टरमीडिएट में दिशा अवस्थी 95% कानपुर नगर में सातवां स्थान।
- वर्ष २०२३ इण्टरमीडिएट में राघवेन्द्र मिश्रा 94.6% कानपुर नगर में नौवां स्थान।
- वर्ष २०२३ हाईस्कूल में अदिति द्विवेदी 96.5% उत्तर प्रदेश में दसवां स्थान, कानपुर नगर में छठवां स्थान।
- वर्ष २०२२ हाईस्कूल में किरन कुशवाहा 97.5% उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान, कानपुर नगर में द्वितीय स्थान।
- वर्ष २०२२ हाईस्कूल में पलक अवस्थी 97.6% उत्तर प्रदेश में चतुर्थ स्थान, कानपुर नगर में तृतीय स्थान।
- वर्ष २०२२ हाईस्कूल में प्रांशी द्विवेदी 97% उत्तर प्रदेश में पाचवां स्थान, कानपुर नगर में चतुर्थ स्थान।
- वर्ष २०२२ हाईस्कूल में नैन्सी वर्मा 97% उत्तर प्रदेश में पाचवां स्थान, कानपुर नगर में चतुर्थ स्थान।
- वर्ष 2021 हाईस्कूल में दिशा अवस्थी 96% कानपुर नगर में प्रथम स्थान।
- वर्ष 2021 हाईस्कूल में साक्षी देवी 96% कानपुर नगर में प्रथम स्थान।
- वर्ष 2021 हाईस्कूल में अर्चिता वर्मा 95.83% कानपुर नगर में द्वितीय स्थान।
- वर्ष 2021 इण्टरमीडिएट में श्रद्धा सचान 90.2% कानपुर नगर में सातवां स्थान (हाईस्कूल 2019 में कानपुर नगर में द्वितीय स्थान)।
- वर्ष 2020 इण्टरमीडिएट में मधु यादव 91% कानपुर नगर में पहला स्थान।
- वर्ष 2020 इण्टरमीडिएट में राखी वर्मा 87.8% कानपुर नगर में नवाँ स्थान।
- वर्ष 2019 हाईस्कूल में श्रद्धा सचान 94.67% प्रदेश में आठवां एवं कानपुर नगर में द्वितीय स्थान।
- वर्ष 2019 हाईस्कूल में दिव्यानी सिंह 94.50% प्रदेश में नवां एवं कानपुर नगर में तृतीय स्थान।
- वर्ष 2018 हाईस्कूल में अभिषेक वर्मा 93.83% प्रदेश में पांचवां स्थान एवं जिले में प्रथम स्थान।
- वर्ष 2018 हाईस्कूल में राखी वर्मा 93.17% प्रदेश में नवां स्थान एवं जिले में चतुर्थ स्थान।
- वर्ष 2018 हाईस्कूल में मधू यादव 92.83% जिले में सातवां स्थान।
- वर्ष 2018 हाईस्कूल में रोशनी साहू 92.33% जिले में दसवां स्थान।
- वर्ष 2018 इण्टरमीडिएट में शिखा सिंह 89.8% जिले में दसवां स्थान।
- वर्ष 2017 इण्टरमीडिएट में प्रतीक्षा मिश्रा 94.4% प्रदेश में आठवां एवं जिले में द्वितीय स्थान।
- वर्ष 2017 इण्टरमीडिएट में दिव्या 94% प्रदेश में दसवां एवं जिले में तृतीय स्थान।
- वर्ष 2017 इण्टरमीडिएट में अस्मिता अवस्थी 93.6% जिले में पांचवां स्थान।
- वर्ष 2017 हाईस्कूल में प्राची मिश्रा 94.33% प्रदेश में आठवां एवं जिले में पांचवां स्थान।
- वर्ष 2016 हाईस्कूल में निशा साहू 97.83% प्रदेश में तीसरा एवं जिले में प्रथम स्थान।
- वर्ष 2016 हाईस्कूल में कामिनी सिंह 96.67% जिले में द्वितीय स्थान।
- वर्ष 2016 हाईस्कूल में शिवानी साहू 96.17% जिले में तृतीय स्थान।
- वर्ष 2014 में सागर मिश्रा ने इण्टरमीडिएट में 96% के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- वर्ष 2014 में विपुल साहू ने इण्टरमीडिएट में 94.8% के साथ जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया।

नवीन सचान (प्रबंधक)

ADMISSION OPEN (2024-25)
PG to XII
English & Hindi Medium
कार्यालय खुलने का समय प्रातः 8:00 बजे से 2:00 बजे तक

दिनेश कुमार अवस्थी (प्रधानाचार्य)

ADVOCATE RAJENDRA UPADHYAY - 9532656305

# अब पढ़ाई में कमजोर बच्चों की अलग से कक्षाएं लगाई जाएंगी

## जुलाई से सरकारी स्कूलों में एक घंटा अतिरिक्त पढ़ाए जाने का आदेश किया गया जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तिमाही टेस्ट से बच्चों को छांटा जाएगा, एक बैच में 80 बच्चे होंगे

**अमृत विचार।** शहर के माध्यमिक स्कूलों में पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग से एक घंटा कक्षाएं चलेंगी। कमजोर विद्यार्थियों के आकलन के लिए तिमाही टेस्ट को आधार बनाया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से सभी स्कूलों को आदेश जारी कर दिया गया है।

जुलाई महीने से ये योजना शुरू होगी। पहले दौर में मुख्य विषय की कक्षाएं संचालित कराए जाने की योजना है। इसके बाद विषयों को बढ़ाया जाएगा। मुख्य रूप से बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बेहतर किए जाने का यह प्रयास है। बोर्ड की ओर से इस बार स्कूलों में तिमाही टेस्ट कराए जाने के निर्देश स्कूलों को दिए गए हैं। टेस्ट में विषयवार कमजोर मिले छात्रों को इन कक्षाओं में जोड़ा जाएगा। अतिरिक्त कक्षाओं के लिए स्कूलों में शिक्षकों का टाइम टेबल सेट किया जाएगा। अतिरिक्त कक्षाओं के लिए 80 बच्चों के बैच की तैयारी की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि अतिरिक्त कक्षाएं जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर किए जाने के लिए संचालित की जाएंगी। शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी 21 राजकीय स्कूलों में आदेश को कड़ाई से पालन किए जाने का आदेश दिया गया है। योजना की हर महीने विभाग द्वारा समीक्षा होगी। शिक्षा अधिकारियों की ओर से स्कूलों का निरीक्षण भी किया जाएगा। संचालित होने वाली कक्षाओं की रैंकिंग भी तैयार की जाएगी।

# 25 हजार परीक्षार्थी आज 35 केंद्रों में देंगे नीट परीक्षा

- केंद्र में सुबह 11 से 1:30 बजे तक होगा प्रवेश

**कानपुर।** शहर में रविवार को नीट की परीक्षा में 25,149 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा शहर के 35 केंद्रों में आयोजित होगी। परीक्षा केंद्र में सुबह 11 बज से परीक्षार्थियों का प्रवेश शुरू होगा। परीक्षार्थी का अंतिम प्रवेश दोपहर 1:30 बजे तक हो सकेगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से परीक्षा शुरू होगी।

परीक्षा के लिए शनिवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। परीक्षा केंद्रों की जांच को अंतिम रूप दिया जाता रहा। इसके अलावा परीक्षा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को भी अंतिम निर्देश दिए गए। केंद्रों पर सुरक्षा कर्मियों की संख्या और तैनाती भी सुनिश्चित की गई। परीक्षा के बारे में बताया गया कि परीक्षार्थी केंद्र के भीतर चार तरह के सामग्री ले जा सकते है। इनमें प्रवेश पत्र, एक अतिरिक्त फोटो पहचान पत्र, पारदर्शी पानी की बोतल और उपस्थिति चार्ट के लिए पासपोर्ट साइज फोटो शामिल है। परीक्षा केंद्र के भीतर किसी तरह का पेंसिल बॉक्स ले जाने की अनुमति परीक्षार्थी को नहीं होगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्र में पेंसिल भी प्रतिबंधित है। परीक्षार्थियों को पेन परीक्षा केंद्र के भीतर ही उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# इनरोलमेंट के रुपये जमा करने को मांगी मोहलत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 मई तक सभी पैरामेडिकल छात्रों को जमा करने होगी फीस

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं ने एचओडी से इनरोलमेंट की फीस जमा करने के लिए मोहलत मांगी है। लेकिन स्टेट मेडिकल फैक्ल्टी लखनऊ की गाइड लाइन के तहत 10 मई तक सभी पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं को फीस जमा करनी है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को कई प्रकार की समस्या आ रही है। इस पर फिजियोलॉजी विभाग की एचओडी ने छात्रों की मांग पर सचिव से समय बढ़ाएं जाने की मांग की।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल के 23 कोर्स संचालित है, जिनमें करीब छह सौ से सात सौ छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। शनिवार को पैरामेडिकल के कुछ छात्र व छात्राएं फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.डॉली रस्तोगी से मिले और परेशानी बताकर उन्होंने इंरोलमेंट की फीस जमा करने के लिए समय की मांग की। विभागाध्यक्ष डॉ.डॉली रस्तोगी ने बताया कि पैरामेडिकल के 23 कोर्स है, इन कोर्सों के नोडलों को सभी छात्र-छात्राओं को इंरोलमेंट की फीस जमा करवाने के लिए सूचित किया जा चुका है। छात्र-छात्राओं के आग्रह पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक से भी इंरोलमेंट की फीस जमा करने का समय मांगा है। ताकि छात्र-छात्राओं को परेशानी न हो सके। बता दें कि 2023 बैच के प्रथम वर्ष के सैकड़ों पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं ने फीस में 19 हजार रुपये बढ़ाए जाने पर कॉलेज परिसर में बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया था। कॉलेज प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ गई थी। छात्र-छात्राओं ने बताया था कि पैरामेडिकल कोर्स की फीस 24 हजार रुपये है। यह फीस जमा करने के बाद अब 19 हजार रुपये की मांग की जा रही है। जबकि पूर्व में इतनी फीस नहीं लगती थी। डॉ.डॉली ने बताया कि फीस के संबंध में स्टेट मेडिकल फैक्ल्टी लखनऊ का जीओ जारी है।

## सार-संक्षेप



जनसभा को संबोधित करते इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार

### घाटमपुर पॉवर प्लांट में क्षेत्र के लोगों को रोजगार : राजाराम

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल ने शनिवार को घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित परास पैलेस में विशाल जनसभा की। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल ने कहा कि घाटमपुर पॉवर प्लांट उनके कार्यकाल में स्थापित किया गया था। अगर जनता इस बार सपा प्रत्याशी राजाराम पाल को सांसद चुनती है तो सबसे पहला प्रयास घाटमपुर पॉवर प्लांट चालू करवाकर घाटमपुर के निवासियों को नौकरी में विशेष प्राथमिकता दिलाना होगा। वहीं, उन्होंने आह्वान किया कि सात मई को रमईपुर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास इंडिया गठबंधन की विशाल महारैली में मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल होंगे। ऐसे में लाखों की संख्या में पहुंचकर रैली को ऐतिहासिक बनाए। पूर्व विधायक इन्द्रजीत कोरी ने बताया कि इस चुनाव में दलित समाज संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर इंडिया गठबंधन को वोट करने जा रहा है। वहीं, रामपुर, पारा चांद, निहुरा, रूपनगर, कटरी, अकबरपुर समेत आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान रवि सचान, नन्दराम सोनकर, कानपुर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय, विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा, विजय पटेल, अमरनाथ यादव, शैलू सोनकर, अनिल सोनकर वारसी, डॉ .कृपा शंकर, इकलाक पहलवान, महेश श्रीवास्तव , नवीन कमल समेत आदि लोग रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिल्हौर।** अरौल थाना क्षेत्र के इंदिलापुर गांव निवासी अनुज कटियार ने शनिवार दोपहर घर में पंखे की कुंडे से लटक कर आत्महत्या कर ली। हालांकि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में युवक के शव को नीचे उतारा। घर में घरेलू विवाद होने की बात होने की सामने आ रही है, लेकिन पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर सकी। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए दिया गया।

### भरी दोपहर बोरवेल का ताला तोड़ कर चोरी

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र की बिरहर चौकी अंतर्गत बिरहर गांव निवासी विनय बाजपेई का बोरवेल गांव से कुछ दूर हसगर रोड पर है। दोपहर को ताला बंद कर घर आ गए। लगभग तीन बजे पुन : बोरवेल गए तो देखा कि ताला टूटा पड़ा है। अंदर रखा लोहे का सामान गायब था, साथ ही बाहर लगा गन्ना पिराई का कोल्हू का आधा हिस्सा तोड़ कर ले गए। पीड़ित ने बिरहर चौकी में शिकायत दर्ज कराई है।

### प्रधानाचार्य का बीमारी से निधन

**बिल्हौर।** विकास खंड बिल्हौर के उच्च प्राथमिक विद्यालय मदाराराय गुमान की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीलम कमल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे कई दिन वेंटिलेटर पर रहीं। नीलम कमल के पति की मृत्यु काफी पहले हो चुकी थी। केवल उनकी वृद्ध मां है जिनकी उम्र 80 वर्ष के ऊपर है और वो स्वयं बीमार हैं। वह अपने पीछे एक 13 वर्षीय बेटा छोड़ गई हैं।

### जुर्माना जमा करके पांच बंदी कराए रिहा

**कानपुर।** जुर्माने की सजा काट रहे पांच बंदियों को जुर्माना जमाकर स्वयंसेवी संस्था ने रिहा कराया। बंदियों को स्वयंसेवी संस्था एंरटी क्राइम ब्यूरो की पहल पर कार्रवाई की गई। जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय ने बताया कि बंदी शुभम उर्फ शिवम कमल निवासी मैकूपुरवा थाना छावनी को 05 वर्ष का कारावास व 1500 रुपये अर्थदंड, भानु प्रताप चौधरी निवासी वघौरा जालौन को 02 वर्ष का कारावास व चार हजार रुपये अर्थदंड, संदीप यादव निवासी काजी खेड़ा चकेरी को कारागार में बिताई गई अवधि का कारावास व 1500 अर्थदंड, अजय पासवान निवासी केन्द्राचल कालोनी नौबस्ता को कारागार में बिताई अवधि का कारावास व 500 अर्थदंड, कुलदीप उर्फ बब्बी निवासी दलनपुर थाना बिधनू को अवधि का कारावास व दो हजार अर्थदंड जमा कराकर अपनी मूल सजा पूरी की जा चुकी थी तथा अर्थदंड के बदले की सजा व्यतीत कर रहे थे।

### लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र के जामू गांव निवासी किसान छोटेलाल के बेटे सुभाष का विवाह सात मई 2023 को सनिगवां लउवापुरवा गांव निवासी स्वर्गीय देशराज की 23 वर्षीय बेटी शिवानी से हुआ था। फरवरी माह में शिवानी ने एक बेटे को जन्म दिया था। शनिवार दोपहर शिवानी का पति से खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद सुभाष परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गेहूं की फसल काटने खेत चला गया। शाम को घर लौटा तो शिवानी का शव छत के कुंडे के सहारे साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारकर कार्रवाई शुरू की। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे भाई आशीष कुमार ने ससुरालीजनों पर दहेज को लेकर बहन को प्रताड़ित करने के साथ हत्याकर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पति, ससुर और जेठ मुकेश को हिरासत लिया है। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधानमंत्री का कानपुर दौरा, पैदल गंतव्य को गए यात्री

**बिठूर।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर व अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में कानपुर दौरा किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए कई ट्रेन निरस्त कर दी गई थीं। जिन ट्रेनों का संचालन चालू था उन्हें मंधना जंक्शन से ही वापस किया जा रहा रहा था। ऐसे में कानपुर आने वाले जो यात्री ट्रेन में सफर कर रहें थे उन्हें मंधना में ही उतरना पड़ा। उन्हें लोकल वाहनों की मदद से अपने गंतव्य तक जाने के लिए विवश होना पड़ा। शाम 5 बजे ज़ब कासगंज से कानपुर तक सेंट्रल तक चलने वाली ट्रेन रुकी तो सभी यात्री मंधना में उतर गए। मंधना चौराहे पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कुछ यात्रियों कों ही ही वाहन मिल सके।

# ऑर्डिनेंस डे-नाइट प्रीमियर लीग की धमाकेदार शुरूआत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आयुध निर्माणी के अंतर अनुभागीय टीमों के बीच खेले जाएंगे 46 मैच

**अमृत विचार।** आयुध निर्माणी के अंतर अनुभागीय ऑर्डिनेंस डे-नाईट प्रीमियर लीग की शनिवार शाम धमाकेदार शुरूआत अर्मापुर मैदान पर हुई। टूर्नामेंट का शुभारंभ निर्माणी के प्रभारी कार्यकारी निदेशक संदीप कन्हाई ने किया। टूर्नामेंट में प्रतिदिन डे-नाईट मैच शाम छह व नौ बजे से खेले जाएंगे।

अर्मापुर मैदान पर शनिवार शाम टूर्नामेंट का शुभारंभ करने के बाद प्रभारी कार्यकारी निदेशक ने कहा कि कार्यसमिति की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट का स्वागत है। शरीर स्वस्थ रखने के लिए खेल जरूरी है। इसके बाद क्रीड़ा अधिकारी सुधीर यादव ने टूर्नामेंट आयोजक कार्यसमित के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद यहआयोजन नहीं हो पा रहे थे। जि उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में कुल 46 मैच खेले जाएंगे। सेमी फाइनल व फाइनल मैच 20-20 ओवर का खेला जाएगा। टूर्नामेंट आयोजक कार्यसमिति के उपाध्यक्ष आफताब अहमद, सचिव दीनानाथ शर्मा, अजय पाल सिंह, दीपक उपाध्याय, कमल किशोर, अनिल प्रधान, , आदि के सहयोग से हो रहा है।



ऑर्डिनेंस डे-नाइट प्रीमियर लीग का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

# ट्रायल में 452 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



ट्रायल के लिए तैयार होकर आए खिलाड़ी। अमृत विचार



ट्रॉफी के साथ विजेता काशी लायंस की टीम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**खेल के मैदान से**

**अमृत विचार।** सिग्मा ग्रीपलॉक ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली जेएनटी अंडर-12 क्रिकेट लीग का प्रथम ट्रायल शनिवार को कानपुर साउथ मैदान में हुआ। ट्रायल में कुल 452 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दूसरा ट्रायल रविवार को होगा।

कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से आबद्ध जेएनटी स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से सिग्मा ग्रीपलॉक ट्रॉफी आयोजित होगी। क्रिकेट लीग के आयोजन सचिव अमित मिश्रा ने बताया कि प्रथम राउंड में चयनित खिलाड़ियों का परिणाम संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। चयनकर्ता राहुल सप्रू, चरनजीत सिंह, विकास यादव और राकेश तिवारी ने खिलाड़ियों ने परखा। रविवार को दूसरे और फाइनल ट्रायल होगा। जिसमें चयनित खिलाड़ियों का 9 से 11 मई मेडिकल टेस्ट कैंप लगाया जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन 14 मई से कानपुर साउथ मैदान में होगा। चयनित 452 खिलाड़ियों ने शनिवार को ट्रायल में जमकर पसीना बहाया। गेंदबाजी, बल्लेबादी और क्षेत्ररक्षण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## काशी लायंस ने जीती प्रीमियर लीग

- विजेता टीम के रेहान आलम रहे मैन ऑफ द मैच

**कानपुर।** चंद्रा क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित चंद्रा प्रीमियर लीग में शनिवार को काशी लायंस और देवरिया धनेश्वरी के बीच मैच खेला गया। काशी लायंस के खिलाड़ियों ने धुंआधार पारी खेली और मैच जीत लिया। देवरिया धनेश्वरी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 30 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाए।

देवरिया की तरफ से अफरोज अंसारी ने 37 और आयान रैनी ने 25 रनों का योगदान दिया। वहीं काशी लायंस के देवांग पाल व अब्बास अली को 2-2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी लायंस के रेहान आलम ने शानदार प्रदर्शन किया। 85 रन बनाकर टीम को अच्छी हालत में पहुंचाया। वहीं पवन मिश्रा ने 22 रन बनाए। टीम ने 27.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। देवरिया के अमितेश मिश्रा ने दो विकेट लिए। सीपीएल के कमिश्नर नीरज वर्मा ने बताया कि रेहान आलम को मैन ऑफ द मैच, अमितेश मिश्रा को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## प्रदेश

# रामलला का दर्शन कर रामपथ पर उतरेंगे प्रधानमंत्री मोदी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार अयोध्या आएंगे। श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। आशीर्वाद लेकर रामपथ पर उतरेंगे। सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी रोड शो में जनता का अभिवादन कर चुनावी माहौल बनाएंगे।

पीएम मोदी शाम लगभग चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेंगे। बताया गया है कि वह हेलीकाप्टर से साकेत महाविद्यालय पहुंच सकते हैं। यहां से राम जन्मभूमि परिसर में गेट नंबर 11 से प्रवेश करेंगे। इसके बाद राम मंदिर पहुंचेंगे। रामलला का दर्शन करेंगे, आरती उतारेंगे और आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद राम मदिर के गेट के सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किलोमीटर के रोड शो के लिए राम पथ पर उतरेंगे। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे। रामनगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। राम मंदिर के गेट नंबर 11 पर फूलों से तोरण द्वार बनाया गया है। यहां से राम मंदिर तक भगवान के चित्र और धार्मिक प्रतीक चिह्न लगाए गए हैं।

### मंदिर जाने वाले मार्ग पर बिछाई गई रेड कारपेट

राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश के बाद राम मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर लाल कारपेट बिछाया गया है। श्री राम मंदिर के दक्षिणी गेट पर प्रवेश के समय वैदिक आचार्यों से स्वस्तिवाचन, शंखनाद के साथ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लोग फूलों से स्वागत करेंगे।

### गर्भगृह में उतारेंगे रामलला की आरती

राम मंदिर में प्रवेश के बाद वह गर्भगृह में रामलला की आरती उतारेंगे। इस दौरान मुख्य पुजारी सहित लगभग 11 आचार्य मौजूद होंगे। यह श्रीराम स्तुति का पाठ करेंगे। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि प्रधानमंत्री के राम मंदिर में आगमन को लेकर तैयारी कर ली गई है। यहां आरती उतारेंगे। उन्हें रामनामी ओढ़ाई जाएगी और प्रसाद भेंट किया जाएगा, जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वह निकले हैं उनका कार्य जरूर पूरा होगा।

## महाराष्ट्र से भरतकुंड पहुंचा भक्तों का जत्था

**अयोध्या :** महाराष्ट्र के बीड़ जिले के करीब से मराठी राम भक्तों का जत्था शनिवार दोपहर बाद भरतकुंड पहुंचा। जहां दक्षिण मुखी प्राचीन भरत गुफा में भरत जी की चरण पादुका पर माथा टेक कर पूजन किया। इसके बाद भरत हनुमान मिलन मंदिर की परिक्रमा कर प्रेम मूर्ति भरत जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने कहा कि धरती पर आने का सौभाग्य श्रीराम जी की सेवा भाव से हुआ है। मराठी राम भक्तों ने सरोवर में नौका विहार के दौरान सरोवर में मछलियों को आहार भी खिलाया। नेतृत्व कर रहे महाराष्ट्र के बीड़ जिले के निवासी तुकारामपुरी गंगाधर गिरी, अंबाजी, सुंदर राव ने कहा कि जैसा सुनते रहे हैं आज वैसा ही प्रेम मूर्ति भरतजी का साक्षात दर्शन मिला।

# राहुल गांधी समेत आठ के पर्चे मिले सही, 16 खारिज

- 6 मई को है नाम वापसी, तब होगी तस्वीर साफ

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को होने वाले जिले में मतदान को लेकर 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 3 मई तक चली थी। प्रक्रिया के तहत 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच हुई। आधे-अधूरे व गड़बड़ी वाले 16 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। अब कुल 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए हैं। 6 मई को नाम वापसी के बाद ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ होगी। आठ दिन तक दिन तक चली नामांकन प्रक्रिया में 24 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने चार-चार सेट, बसपा प्रत्याशी ठाकुर प्रसाद ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है। कलेक्ट्रेट में चल रहे नामांकन की जांच-पड़ताल 4 मई को हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम हर्षिता माथुर, सहायक निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की। सहायक निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि 24 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था।

भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेत छोटे दलों के कुल 24 प्रत्याशियों ने ही अपना नामांकन दाखिल किया था। इनमें 8 पत्र जांच में सही पाए गए। 16 प्रत्याशियों के नामांकन अपात्र मिलने पर खारिज कर दिए गए।

# जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष से अभद्रता करके पीटा

सिद्धार्थ नगर

- कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी बदलने की मांग उठाई
- बाहरी व्यक्ति को टिकट दिए जाने को लेकर हैं नाराज

**अमृत विचार।** डुमरियागंज लोक सभा सीट पर बार-बार बसपा प्रत्याशी बदलने तथा बाहरी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाए जाने से शनिवार को कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गाड़ी रुकवारकर बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र गौतम व जिला उपाध्यक्ष मो.शमीम को जूतों की माला पहनाने के बाद उनकी जमकर पिटाई की। वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

दरअसल बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता इस बात को लेकर काफी आक्रोश में थे कि पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थानीय स्तर पर किसी भी कार्यकर्ता को टिकट न देकर बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया, जिसे सिद्धार्थ नगर की जनता जानती व पहचानती ही नहीं है।कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों पर पैसा लेकर पार्टी को गुमराह करके बाहरी व्यक्ति को टिकट दिलाने का आरोप लगाया।

**घटना** वन विभाग की टीम नें दृश्य को कैमरे में किया कैद

# शिकार करते बाघ का फोटो वायरल

संवाददाता, पलियाकलां-खीरी

- दुधवा टाइगर रिजर्व की मैलानी रेंज का मामला

**अमृत विचार:**दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों की जिप्सी के आगे अक्सर बाघ देखा गया है, लेकिन इस बार पेट्रोलिंग के दौरान वन कर्मियों के वाहन के आगे शिकार ले जाते बाघ की तस्वीर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि बाघ को शिकार ले जाते देख वन कर्मियों ने अपने वाहन को रोक लिया और उस दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर लिया।



वन कर्मियों के वाहन के आगे से शिकार लेकर जाता दिखाई दिया बाघ।

बताते हैं कि दुधवा टाइगर रिजर्व की मैलानी रेंज में वन विभाग की टीम चौपहिया वाहन से पेट्रोलिंग कर ही रही थी। इस दौरान एक टाइगर हिरण का शिकार कर वन कर्मियों के वाहन के सामने से गुजरता हुआ दिखाई दिया। वन विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व मैलानी रेंज की जंगल में पेट्रोलिंग के दौरान गाड़ी के आगे टाइगर हिरण का शिकार करते हुए जंगल में घुस रहा था। अचानक वन विभाग की गाड़ी के आगे टाइगर मुंह में शिकार ले जाते दिखाई दिया। जिस दृश्य को वन विभाग की टीम ने अपने कैमरे में कैद कर लिया।

> वायरल फोटो दुधवा टाइगर रिजर्व की है, लेकिन यह फोटो कब और किस टीम ने अपने कमरे में कैद की, इसका पता लगाया जा रहा है।
> -ललित वर्मा, फील्ड डायरेक्टर-दुधवा

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# तापमान बढ़ने के साथ अस्पताल में लगी डायरिया के मरीजों की लाइन

## सर्दी, जुकाम, बुखार के भी मरीजों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी से शरीर का पानी कम हो रहा है। जिस कारण लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डायरिया के हर दो दर्जन से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं इसके अलावा सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी मरीजों की कतार लगी रही। इसके अलावा प्राइवेट डॉक्टरों के यहां भी मरीजों की संख्या बढ़ी है।

गर्मी का प्रकोप हर रोज बढ़ता ही जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोज डायरिया, हीट स्ट्रोक के मरीज पहुंच रहे हैं। शनिवार को पीएचसी में ओपीडी कराने के लिये मरीज पहुंचे। जिसमें अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा डायरिया, हीट स्ट्रोक के थे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया। जिसके बाद उन्हें दवाइयां दी। सुबह दस बजे से ही पीएचसी में मरीजों की लाइन लगी रही। जहां मौजूद डॉ. शिप्रा झा ने मरीजों का परीक्षण किया। वहीं दोपहर बारह बजे तक लाइन लगी होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान पहुंचे। उन्होंने भी मरीजों की ओपीडी की। दोपहर दो बजे तक अस्पताल फुल रहा। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि 184 मरीजों की ओपीडी की गई, जिसमें लगभग 25 मरीज डायरिया के पाये गये। वहीं आजाद नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी मरीजों की भीड़ रही। सके अलावा प्राइवेट डॉक्टरों के पास भी मरीजों की लाइन लगी रहती है।


अस्पताल में ओपीडी करतीं डॉ. शिप्रा झा। अमृत विचार


पीएचसी में मरीजों की लगी लाइन। अमृत विचार

### डॉक्टर ने दी सलाह

- गर्मी ज्यादा होने के कारण बच्चों में सबसे ज्यादा केस डायरिया हो रहा है। इसके साथ ही वॉयरल बुखार भी तेजी से फैल रहा है। डायरिया होने पर शरीर में पानी की कमी न होने दें, डायरिया होने पर ओआरएस का घोल पिलाते रहे और गर्मी से बचाव के तरीके अपनायें।

### ठंडा पानी पीने से बचें

- डॉक्टरों ने बताया कि अधिकांश लोग गर्मी को देखते हुये तेज धूप से आने के बाद सीधे ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक के अलावा अन्य तरल ठंडी चीजों का सेवन करते हैं। जिससे बीमार पड़ रहे हैं। साथ ही बाजार से फास्टफूड खाना, कटे फल, वासी भोजन का सेवन करने से दस्त, उल्टी, पेट दर्द की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं।

## मामा के घर आई युवती को ले गया युवक, रिपोर्ट

**शुक्लागंज।** अचलगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती शुक्लागंज में रहने वाला मामा के घर आई थी। जहां एक युवक उसे अपने साथ ले गया। युवती के पिता ने गंगाघाट कोतवाली में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव में रहने वाले युवती के पिता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी बेटी शुक्लागंज में रहने वाले अपने मामा के घर आई थी, तभी सफीपुर थाना क्षेत्र के देवीपुरवा निवासी राजेन्द्र ले गया। उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# सेप्टीसीमिया से हुई महिला की मौत

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- देर रात तक चले हंगामे के बाद शनिवार को हुआ महिला के शव का पोस्टमार्टम
- शहर के एक निजी अस्पताल में मौत के बाद परिजनों ने किया था जमकर हंगामा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हुई महिला की मौत के बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें उसकी मौत सेप्टीसीमिया (पस जमा) होने का कारण सामने आया है।

बता दें कि शहर के पीतांबर नगर निवासी रामकृष्ण की बेटी की शादी कानपुर के कल्याणपुर निवासी दीपक से हुई थी। गर्भवती होने पर वह बेहतर देखभाल के लिए अपने मायके में थी। प्रसव पीड़ा उठने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए थे। जहां अपरेशन से प्रसव के बाद उसे हिरन नगर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। लेकिन आरोप है कि लापरवाही के चलते उसे दिक्कत बढ़ गई।

पेट में सूजन और दर्द पर उसका हॉस्पिटल में फिर एक बार फिर आपरेशन किया गया। लेकिन उसकी हालत सुधारने की बजाए और बिगड़ गई। इस पर उसे शुक्रवार को एंबुलेंस बुलाकर कानपुर रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि एंबुलेंस उन्हें कानपुर छोड़कर लौट आई। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। भाई विनीत ने अस्पताल के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा डाक्टर पर कर्रवाई करते हुए अस्पताल को सील करने की मांग करने लगे। इससे सड़क पर जाम लग गया। सदर कोतवाल फोर्स के साथ पहुंचे और नाराज परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

देररात तक हंगामे के बाद परिजन शांत हुए। इस पर शव मोर्चरी में रखवाकर शनिवार को शव पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें सेप्टीसिमिया बीमारी से मौत की पुष्टि हुई है। घटना का संज्ञान लेकर सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने निजी अस्पताल को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

# अधिकारी गोवंश को हीट वेव से बचाने को करें मुकम्मल इंतजाम : डीएम

- गोवंश की मृत्यु होने पर शव का सम्मानजनक सुरक्षित निस्तारण किया जाए

**उन्नाव।** डीएम गौरांग राठी ने निराश्रित गोवंश को हीट वेव से सुरक्षित करने के निर्देश दिये हैं। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सभी ईओ व बीडीओ को गौवंश की सुविधा को तमाम प्रबंध करने का आदेश जारी किया है।

उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से मई माह के दौरान हीट वेव जारी रहने की एडवाइजरी के मद्देनजर डीएम ने संबंधित सभी अधिकारियों को आगाह किया है। उन्होंने जारी आदेश में निराश्रित गोवंश की विशेष निगरानी करते हुए उन्हें धूप व गर्मी से बचाव के प्रबंधों के तहत पर्याप्त छाया की व्यवस्था कराने पर जोर दिया है। साथ ही शेड को तिरपाल व बोरों से कवर करने भूसा, हरा चारा व दाना और पीने के लिए शुद्ध व ताजे जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है। पशु चिकित्साधिकारियों को इलाज के दौरान गौवंश को छाया वाले स्थान पर रखने को कहा है। अपरिहार्य परिस्थितियों में किसी गोवंश की मृत्यु होने पर शव का सम्मानजनक सुरक्षित निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए हैं, जिससे शव विघटन की समस्या से बीमारी को बढ़ने से रोका जा सके।

गौ आश्रय स्थलों में रात्रिकालीन चौकीदार की तैनाती, आश्रय स्थलों को आगजनी से बचाने के उपाय करने और पेयजल उपलब्धता के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। आश्रय स्थलों में अग्निशमन स्टेशन के दूरभाष नंबर अंकित कराने के निर्देश भी दिए हैं।

# बाल विवाह में शामिल परिजन व रिश्तेदारों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन हुआ सतर्क, चेतावनी दी

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया पर्व पर किसी भी सूरत में जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होना चाहिए। इस तिथि की मान्यतानुसार लोग विवाह के लिए वैध बताई गई उम्र वाले युवक-युवतियों की शादियां बेशक की जा सकती हैं। बाल विवाह की सूचना पर तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए पुलिस सहित संबंधित अधिकारी भी मौके पर पहुंचेंगे। बाल विवाह में संलिप्त पाए जाने वाले सभी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह दंडनीय अपराधों में शामिल है। इसीलिए शासन के निर्देश पर प्रशासन अक्षय तृतीया पर बाल विवाह के प्रति सजग व सतर्क है। किवदंती है कि अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाह अधिक सफल होते हैं। इसीलिए रूढ़िवादी सोच के लोग अव्यस्क बालक-बालिकाओं को इस दिन विवाह बंधन में बांधने का प्रयास करते हैं। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि शादी के समय वर की उम्र 21 और वधु को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। ऐसी शादियां ही वैध मानी जाती हैं। इससे कम आयु के बच्चों की शादी नहीं होने दी जाएगी। कोई भी व्यक्ति चाइल्ड लाइन के नंबर 1098 या महिला हेल्प लाइन नंबर 181 पर इसकी सूचना दे सकता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के दूरभाष नंबर 7007370408 या नजदीकी थाना में भी सूचना दी जा सकती है।

## गोवंशों के लिए दान में मांगा जाएगा भूसा

**उन्नाव।** सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने अधिकारियों को जिले की गौशालाओं के लिए करीब 1.28 लाख क्विंटल भूसा दान के रूप में संग्रहित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए उन्होंने ब्लाकवार भूसा भंडार के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। भूसे का सबसे अधिक भंडारण सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक क्षेत्र में 8013.12 क्विंटल तय किया जाएगा।

इसके अलावा सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक, बिछिया, सफीपुर, फतेहपुर चौरासी, बांगरमऊ, गंजमुरादाबाद, औरास, असोहा, मियागंज, पुरवा, हिलौली, हसनगंज, बीघापुर, सुमेरपुर व नवाबगंज में 8013-8013 क्विंटल भूसा संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारी ने मातहतों से यह भूसा लोगों से दान में लेकर भंडारित करने को कहा है।

# ट्रायल पूरा, जल्द जारी होगी सूची

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** यूपीसीए के निर्देश पर डीसीए के बैनर तले आयोजित अंडर-19 टीम के लिए खिलाड़ियों के बीच अंतिम ट्रायल आयोजित हुआ, जिसमें पहले दो राउंड के सफल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा साबित करने का मौका दिया गया।

पिछले माह ट्रायल के दो राउंड में डीसीए ने 40 खिलाड़ियों को हरी झंडी देते हुए फाइनल मुकाबले के लिए चयनित किया था। तय कार्यक्रम के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को सुबह से ट्रायल प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसमें सभी खिलाड़ियों को उनकी रुचि के मुताबिक गेंदबाजी, बल्लेबाजी व विकेट कीपिंग करने का मौका दिया गया। टीम में चयन कराने के लिए प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी गर्मी व धूप की परवाह किए बिना अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए पसीना बहाते रहे। इस दौरान चयन समिति में शामिल वरिष्ठ क्रिकेटरों सहित डीसीए सचिव पीके मिश्रा स्वयं भी खिलाड़ियों की प्रतिभा का बारीकी से आकलन करते रहे। डीसीए सचिव ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की सूची एसोसिएशन की बैठक के बाद सार्वजनिक की जाएगी। चयन समिति के सदस्यों में शामिल जिला खेल सचिव माध्यमिक नवीन सिन्हा, ओम मिश्रा, मंसूर खान व अभिषेक श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए तैयार की गई अपनी-अपनी रिपोर्ट डीसीए सचिव को उपलब्ध करा दी है।


खिलाड़ियों को ट्रायल के नियम बताते डीसीए पदाधिकारी व चयन समिति के सदस्य।

- डीसीए की बैठक के बाद सार्वजनिक किए जाएंगे खिलाड़ियों के नाम

## सार-संक्षेप

### कार और दो लाख न देने पर विवाहिता को पीटा, केस दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी विवाहिता के ससुरालीजनों ने दहेज की मांग की न देने पर पति समेत ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। चंपापुरवा निवासी महविश ने बताया कि वर्ष 2022 में उसकी शादी मोहल्ले में रहने वाले मो0 शाहिद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुरालीजन उससे कार, एसी, दो लाख की नकदी की मांग करने लगे। जिस पर उसने मना कर दिया। आरोप है कि दहेज न देने पर उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कार्यवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने पति शाहिद, सास नसरीन बेगम, जेठानी हिना, चुनमुन और ससुर जाकिर हुसैन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

### खेत से मिट्टी चोरी कर ले गया ठेकेदार, शिकायत

**पुरवा।** क्षेत्र के गांव तूरी निवासी रामसखी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव स्थित भूमि संख्या-32 मिलजुमला नंबर है। इस भूमि में वह सह खातेदार है। बताया कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था पीएनसी में मिट्टी का कार्य कर रही संस्था द्वारा बिना उसे सूचना दिये उसके खेत से करीब 8 फिट मिट्टी खोद ली गई। जानकारी पर खेत पहुंचकर देखा तो मिट्टी खुदी हुई मिली। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

### स्टेशन पर टूटी पड़ी बेंच, बैठने के लिये भटक रहे यात्री

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर दूर दराज से आने जाने वाले यात्रियों को बैठने के लिये परिसर में सीमेंटेड बेंच डाली गई थी। देख रेख के अभाव में कई बेंचे टूट गई। जिससे यात्रियों को मजबूरन जमीन पर बैठना पड़ रहा है। कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन पर करीब चार साल पहले यात्रियों के बैठने के लिये प्लेटफार्म एक और चार में सीमेंटेड बेंच डलवाई गई थी। कुछ बेंचे खुले आसमान के नीचे रखी हुई है। इधर देख रेख के अभाव में स्टेशन पर रखी कई बेंचे टूट गई हैं। जिससे ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्री बैठने के लिये इधर उधर भटकते रहते हैं। अधिकांश यात्री स्टेशन मास्टर के कक्ष के बाहर बनी सीढ़ियों पर बैठकर ट्रेन आने का इंतजार करते हैं। वहीं बेंच टूटने के कारण कुछ यात्री फर्श पर बैठने के लिये मजबूर हैं। इस बावत स्टेशन मास्टर मो. शकील ने बताया कि टूटी बेंचों को हटवाकर जल्द ही नई बेंच लगवाई जायेंगी। जिससे यात्रियों को कोई असुविधा न हो सके।


गंगाघाट स्टेशन की टूटी पड़ी बेंच।


नवीन पुल मोड़ पर चेकिंग करता फ्लाइंग स्क्वॉयड। अमृत विचार

### फ्लाइंग स्क्वॉयड ने की वाहनों की चेकिंग

**शुक्लागंज उन्नाव।** लोकसभा चुनाव को देखते हुये नगर में एफएसटी और स्टेटिक मजिस्ट्रेट टीम सघन चेकिंग कर रही है। शनिवार को भी टीम ने नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर चेकिंग लगाई। जहां आने जाने वाले वाहनों को रूकवा कर उनकी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान टीम को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। शनिवार को फ्लाइंग मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ नवीन पुल मार्ग पर पहुंचे। जहां उन्होंने आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान टीम ने दोपहिया, चौपहिया, लोडर के अलावा अन्य वाहनों को रूकवा कर गाड़ी के नंबर नोट किये। जिसके बाद मरहला चौराहा, फोरलेन और आजाद मार्ग पर भी चेकिंग की। वहीं स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने बैराज मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की। लाइंग मजिस्ट्रेट ने बताया कि चेकिंग के दौरान मानक से अधिक नकदी, शराब, चुनाव प्रचार प्रसार सामग्री के अलावा अन्य संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

### आबकारी ने 20 लीटर ताड़ी के साथ दो को दबोचा

**हसनगंज।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के निर्देश पर अवैध व कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को आबकारी निरीक्षक हसनगंज ज्योति अग्रवाल ने हमराही सिपाहियों व सोहरामऊ पुलिस के साथ तहसील हसनगंज थाना सोहरामऊ अंतर्गत गांव बजेहर, हिंदूखेड़ा रामनगर, बलेमऊ रसूलपुर व सोहरामऊ में दबिश देकर 20 लीटर ताड़ी के साथ सूरज पुत्र स्व. रामनरेश व शिवम पुत्र अयोध्या को पकड़ा। निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**उन्नाव।** बिहार थानांतर्गत एक गांव निवासी किशोरों को दो युवक ले गए थे। पिता ने इसकी रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई थी लेकिन, इसे अनसुना कर दिया गया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एक गांव निवासी किशोरी को दो युवक अपने साथ ले गए थे। पुलिस के कार्रवाई न करने पर पिता ने कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर बिहार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# डायवर्जन से हाईवे पर रेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर में पीएम मोदी के रोड-शो को लेकर उन्नाव पुलिस ने शुक्रवार रात से ही जिले में भारी वाहनों के लिए डायवर्जन किया था। इन वाहनों को डायवर्ट किए जाने के बाद भी शनिवार को हाईवे पर पूरे दिन यातायात रेंगता रहा। वाहन सवार घंटो जाम में फंसे रहे। यातायात के साथ स्थानीय पुलिस भी जुटी इसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

शनिवार को कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और रोड-शो को लेकर जिले के आधा दर्जन मार्गों पर रूट डायवर्जन शुक्रवार की रात से लागू किया गया था। शुक्रवार से शनिवार रात 11 बजे तक भारी वाहनों के कानपुर में प्रवेश पर रोक थी। शनिवार करीब 10 बजे के बाद से लखनऊ-कानपुर हाईवे की कानपुर जाने वाली लेन गदनखेड़ा बाईपास व जाजमऊ तक जाम हो गई। इसमें वाहन फंस गए और बैठे लोग घंटो हलाकान रहे। पुलिस भी यातायात पुलिस के साथ जुटी इसके बाद जाम खुल पाया। आजाद मार्ग बाईपास और दही मोड़ के पास जाम लगने से दोनों लेन में यातायात बाधित हो गया। इधर शहर में भी जाम को लेकर समस्या बनी रही। शहर के गांधी नगर तिराहा पर बैरियर लगाकर शहर के अंदर जाने वाले चौपहिया वाहनों को रोक दिया गया। जिससे तिराहे से लेकर अस्पताल रोड तक जाम लग गया।

वहीं रूट डायवर्जन के कारण आजाद मार्ग चौराहे पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस, अचलगंज पुलिस और यातायात पुलिस भी खासी परेशान रही। चौराहे से बड़े वाहन आजाद मार्ग की ओर मुड़ने के कारण जाम भी लगा रहा।


जाम के चलते किनारे खड़े वाहन। अमृत विचार

# बेटी से मारपीट होने पर मायके वालों ने ससुरालियों को धुना

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** बहन के साथ उसके पति द्वारा की गई मारपीट की सूचना पर भाई समेत अन्य मायके वालों ने बहन की ससुराल पहुंचकर धावा बोलकर पति समेत अन्य की जमकर पिटाई कर दी। इसमें वृद्धा समेत पांच लोग घायल हुए। पुलिस ने आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के रऊहा डीह गांव निवासी रामबालक ने बताया कि उसकी ससुराल माखी थानाक्षेत्र के पारा गांव में है। बीती 27 अप्रैल को उसके साले बाबूलाल के बेटे की शादी थी। गेहूं की फसल काटने की व्यस्तता के चलते पत्नी बिटोला बेटे विनोद के साथ शादी में शामिल होने गई थी। 29 अप्रैल को पत्नी वापस नहीं लौटी और बिना बताए भतीजी की ससुराल मिर्जापुर गांव चली गई। जहां से वह दो मई को घर लौटी। इस पर कहासुनी के बाद पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। बिटोला ने इसकी सूचना मायके में दी। इस पर भाई बाबूलाल करीब आधा दर्जन लोगों के साथ बहन की ससुराल पहुंचा और मां रामश्री, भाई कौशल उसकी पत्नी राधिका व छोटे बेटे विनोद की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। सूचना पर खेत से घर पहुंचे रामबालक के साथ भी उसके साले ने मारपीट की। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। रामबालक की तहरीर पर पुलिस ने साले रामबाबू, उसके बेटे लवकुश, शेखर, दीपक व सर्वेश सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## नकाबपोश बाइक सवारों ने मारपीट कर नकदी व चेन लूटी

**पुरवा।** लखनऊ के थाना मोहनलालगंज अंतर्गत गांव हुलासखेड़ा निवासी विजय पुत्र प्रह्लाद कनौजिया के मुताबिक बीते शुक्रवार वह प्रियंका पुत्री शिवचरन के गांव कोतवाली के धन्नीपुर ससुराल गया था। जहां से शनिवार सुबह ऑटो से अपने गांव जा रहा था। जहां गांव बहरौरा के पास पहुंचते ही पुरवा के पास गमछे से मुंह लपेटे दो अज्ञात बाइक सवारों ने उसे रोककर गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर लात-घूसों से उसे पीटा और उसकी जेब से 10 हजार रुपये व सोने की चेन छीन ली। इसके बाद वे लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसने घटना की शिकायत पुलिस से करने की बात कही है।

लोकसभा चुनाव-2024

उदासीनता पर अंकुश के लिए सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को उपलब्ध रहने के निर्देश

# आज गांव-गांव देंगे वोट करने का संदेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर परिषदीय शिक्षक व विभिन्न विभागों के कर्मचारी रविवारीय अवकाश नहीं ले सकेंगे। क्योंकि, कार्मिक प्रभारी सीडीओ ने सभी तहसील व ब्लाक क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता रैलियां निकलवाने का आदेश जारी कर दिया है।

उन्होंने संबंधित सभी विभागाध्यक्षों को आदेश की प्रतिलिप भेजते हुए अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक बनाने के लिए प्रभावी कार्यक्रम आयोजित कराने की रणनीति बनाई है। वैसे तो विभिन्न विद्यालयों की ओर से रैलियां आयोजित कराई जा चुकी हैं। डीएम की अगुवाई में यहां मुख्यालय छात्र-छात्राओं की एक बड़ी रैली पूर्व में भी आयोजित कराई जा चुकी है, लेकिन अब मतदान तिथि सिर पर आ चुकी है। इसलिए मतदान पार्टियों को रवाना करने की व्यस्तता से पहले ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उन्होंने एक फाइनल टच देने की रणनीति पर अमल करना तय किया है। इसके लिए रविवार को स्वीप प्रोग्राम के तहत वृहद अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि रविवार पूरे जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर सुबह नौ बजे से मतदाता आमंत्रण स्वीप प्रोग्राम के रूप में मनाया जाए। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्त विहीन, मान्यता प्राप्त बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। इसके अलावा सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, बीएलओ, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आशा व ग्राम पंचायत सचिव भी अनिवार्य रूप से शामिल रहेंगे। ग्राम पंचायतवार नियुक्त नोडल अधिकारियों को तैनाती स्थलों के कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक नेतृत्व करना होगा। कार्यक्रम के प्रति अधिकारियों-कर्मचारियों की उदासीनता समाप्त करने के लिए आदेश में ग्राम पंचायतों में भ्रमण के दौरान लिए गए चित्र संबंधित विभागाध्यक्षों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।



# मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के अशायस गांव निवासी एक युवक की इलाज के दौरान लखनऊ के एक निजी मेडिकल कालेज में मौत हो गई। शव लेकर लौटे परिजनों की मांग पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

अशायस गांव निवासी राकेश (48) घर के बाहर किराना की दुकान खोले था। बेटे ब्रजेश ने बताया कि 6 अप्रैल को गांव के ही पारिवारिक अवधेश, सर्वेश व रिशू ने पुरानी खुन्नस में पिता की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी थी। उसका इलाज लखनऊ के एक मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। शुक्रवार को उसकी इलाज के दौरान सांसे थम गईं। परिजन शव लेकर लौटे और इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई किये जाने की बात कही है। उसकी मौत से पत्नी सुमन इकलौता बेटा सहित दो विवाहित बेटियां रो-रोकर बेहाल रही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हेडइंजरी से मौत होने की पुष्टि हुई है।


राकेश।

